आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-362 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

29 जून 2025 रविवार

आज का मौसम

29 अधिकतम

24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-5

## रथों के दर्शन के दौरान लोग गिरे व कुचले गए, फिर भीड़ प्रबंधन पर सवाल उठे

# जगन्नाथ रथयात्रा में हादसा, भगदड़ मचने से हुई मौतें, कई श्रद्धालु घायल

**पुरी, एजेंसी**

आज सुबह पुरी के जगन्नाथ रथयात्रा में बड़ा हादसा हो गया। तड़के करीब 4 बजे गुंडिचा मंदिर के सामने भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के पास भीड़ में भगदड़ मच गई। इस दौरान अब तक तीन श्रद्धालुओं की मौत की खबर हैं, छह गंभीर हैं जबकि पचास से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। हादसे में जिन लोगों की जान गई, उनके नाम दो महिलाएं भी हैं। सभी शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं। यह हादसा तब हुआ, जब रथों के दर्शन के लिए भारी भीड़ जुट गई थी। इसी दौरान भगदड़ मची और गिरने से लोग कुचल गए। बताया जा रहा है कि जहां भगदड़ हुई, वहां पर्याप्त पुलिस या सुरक्षा बल तैनात नहीं थे। ऐसे बड़े धार्मिक आयोजन में जहां लाखों लोग जुटते हैं, वहां भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था



की तैयारी पर सवाल उठने लगे हैं। घटना में घायल हुए लोगों को तत्काल 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम लगातार इलाज कर रही है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बताया जाता है कि आज भगवान बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले ही श्रध्दाबली ( समाप्ति स्थल ) पहुंच चुके थे। बाद में भगवान जगन्नाथ का रथ अपनी मौसी के यहां गुंडिचा मंदिर पहुंचा। इससे पहले भी कल देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई थी। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।

## बारिश से बिगड़े हालात, चार धाम यात्रा रोकी



**देहरादून।** उत्तराखंड में देर रात से तेज बारिश से हालात बिगड रहे हैं। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर पालीगाड़ ओजरी डाबरकोट के बीच सिलाई बैंड के पास बादल फटने से तबाही मच गई। इस दौरान यहां होटल निर्माण स्थल बह गया और कई मजदूर लापता हो गए। तलाश में एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उधर भारी बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे समेत कई जगह रास्ते बंद हैं। गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

### मध्यप्रदेश में 4 इंच पानी की चेतावनी

इधर मध्यप्रदेश के ग्वालियर, चंबल, रीवा और शहडोल संभाग के 11 जिलों में आज भारी बारिश का दौर है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे के दौरान साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, 1 जुलाई से स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा। इससे प्रदेश के आधे से ज्यादा जिलों में अति भारी या भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

## शिवराज पहुंचे समत्व, कल कहा था- मार्शल लॉ नहीं चलेगा

# सीएम बोले-सरकार अभयारण्य प्रभावितों के साथ अफसरों पर होगा एक्शन



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव से आज केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खिवनी अभ्यारण के लिए वन विभाग द्वारा खातेगांव इछावर क्षेत्र मे की गई कार्यवाही से प्रभावित क्षेत्र के जनजातीय समुदाय के लोगों के साथ समत्व भवन में भेंट की। इस दौरान यादव ने संवेदनशीलता से शिकायतों और पीड़ा को सुना तथा उन पर हुई कार्रवाई पर खेद व्यक्त करते हुए, स्थिति का उचित समाधान निकालने, शिकायतों की जांच करवाने ,दोषी अधिकारियों- कर्मचारियों पर कार्यवाही करने और क्षेत्र के लोगों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावितों के साथ है, सुनिश्चित किया जाएगा कि बरसात में किसी को कोई तकलीफ ना हो। दरअसल,पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने हटाए जाने का विरोध कर रहे आदिवासियों को संबोधित करते हुए कल कहा था कि वन अफसरों का मार्शल लॉ नहीं चलेगा।

उल्लेखनीय है कि देवास के खिवनी वन्यजीव अभयारण्य व आसपास के क्षेत्रों में वन अफसरों ने 22 जून को अतिक्रमण हटाया था। जिसके बाद से स्थिति तनावपूर्ण है। क्षेत्र के आदिवासियों का कहना है कि अफसरों ने 100 से ज्यादा घर तोड़े, महिला, पुरुषों के साथ मारपीट की, उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद से खातेगांव डाक बंगला परिसर में हजारों आदिवासी जुटे थे ।

## भोपाल में नजर आए खामनेई के पोस्टर !


**भोपाल।** आज राजधानी में मोहर्रम से पहले ईरान के झंडे और पोस्टर दिखाई दिये हैं। रेलवे



स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह के पास स्थित ईरानी डेरे को ईरान के झंडे से पाट दिया गया है। यहां ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के पोस्टर भी लगाए गए हैं। दरअसल, ईरान और इजरायल के बीच कई दिनों तक चले युद्ध के बाद भोपाल में ईरान का समर्थन किया गया। ईरानी डेरा में सड़क से लेकर ओवरब्रिज पर झंडे लहराते हुए देखे गए। ईरानी सेना के बड़े अफसरों के पोस्टर भी लगाए गए है। डेरे के शाहकार हुसैन ने कहा- यहां जो बैनर लगे हैं, वे कोई सेलिब्रेशन नहीं, बल्कि एक वैचारिक प्रदर्शन हैं।

## पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटकों से दहशत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में रविवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने



पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आए गए और अपने घरों से बाहर आ गए। सड़कों पर लोगों के बीच अफरातफरी देखी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, आज सुबह 3:54 बजे पाकिस्तान में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में 150 किलोमीटर की गहराई में था। गौरतलब है कि पाकिस्तान दुनिया के सबसे ज़्यादा भूकंपीय रूप से सक्रिय देशों में से एक है।

## एयर इंडिया के विमान में जलने की बू, आपात लेंडिंग




**चेन्नई।** अब एयर इंडिया के चेन्नई जा रहे विमान को केबिन में जलने की गंध के बाद मुंबई लौटना पड़ा। एयरलाइन ने अब इसकी पुष्टि की है। घटना गत दिवस की है, विमान ने मुंबई से चेन्नई के लिए उड़ान भरी थी। इस दौरान केबिन में जलने की गंध का पता तो एहतियात के तौर विमान को वापस मुंबई बुला लिया गया। एयर इंडिया के अनुसार यह घटना शुक्रवार उड़ान संख्या AI639 में घटी। विमान की मुंबई में सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों को दूसरे विमान में शिफ्ट किया गया। एयर इंडिया ने कहा है कि इस घटना के बाद मुंबई में हमारे ग्राउंड सहकर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

## ट्रंप ने कहा- यहां भी जल्द सीजफायर

# इजरायल ने हमास के टॉप कमांडर को मार गिराया, गाजा पर हमला

**तेलअवीव, एजेंसी**

इजरायल और हमास के बीच जारी जंग एक बार फिर बड़े घटनाक्रम तक पहुंच रही है। इजरायल डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने हमास की मिलिट्री विंग के संस्थापकों में से एक हखाम मुहम्मद इसा अल-इसा को मार गिराया है। इसा अक्टूबर 23 को इस्राइल पर हुए हमले का मास्टरमाइंड था। इस कार्रवाई के बाद गाजा में तनाव और बढ़ गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले हफ्ते तक इस जंग में भी सीजफायर हो



सकता है। उन्होंने कहा कि हमने हखाम मुहम्मद इसा अल-इसा को मार गिराया है। वह हमास की सैन्य शाखा का संस्थापक था और उसने हमास की ताकत बढ़ाने, ट्रेनिंग कराने और 7 अक्तूबर के नरसंहार की योजना बनाई थी।

इजरायल ने भी साफ किया है कि वो 7 अक्तूबर के हमले में शामिल सभी आतंकियों को तलाश कर खत्म करने की रणनीति पर काम कर रहा है। इस बीच, अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा पट्टी में इस्राइल के हमले लगातार जारी हैं।

## निवेश को लेकर यादव आज सूरत में निवेशकों से करेंगे संवाद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुयमंत्री डॉ मोहन यादव आज गुजरात के सूरत में आयोजित 'मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन' में शामिल होते हुए निवेशकों से संवाद करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव निवेशकों से संवाद करेंगे। इस दौरान टेक्स्टाइल, पेट्रोकेमिकल्स, फार्मा और इंजीनियरिंग सेक्टर्स पर फोकस रहेगा। यह आयोजन ''उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025'' अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद होगा।

## लॉ कालेज छात्रा से रेप के बाद गरमाई राजनीति

### भाजपा और टीएमसी में सियासी टकराव गहराया

# रातभर उबला कोलकाता, सुबह केंद्रीय मंत्री रिहा, अब बंगाल के थानों का घेराव

**कोलकाता, एजेंसी**

दक्षिण कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ गैंगरेप के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति पूरे उफान पर है। मामले की जांच के लिए सरकार ने पांच सदस्यीय एसआईटी बना दी है। मगर रातभर इस पर जबरदस्त हंगामा रहा। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांता मजूमदार को पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान गड़ियाहाट चौराहे के पास से हिरासत में लिया और लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय ले जाया गया। उनके साथ 32 कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया। जिसे लेकर पूरी रात हंगामा रहा।



मजूमदार ने बेल बाउंड साइन करने से इंकार कर दिया,इस बीच मजूमदार को हिरासत में लेने की खबर फैलते ही कोलकाता और राज्य के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। हावड़ा, बांकुरा, बालुरघाट समेत कई जिलों में प्रदर्शन हुए। रातभर हंगामे के बाद आज सुबह मजूमदार को बंगाल पुलिस ने रिहा कर दिया।

इधर, भाजपा ने अब राज्यभर में थानों के सामने विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया है। आज शाम भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और सड़कों पर आंदोलन ने तूल पकड़ लिया है। सत्तारूढ टीएमसी में भी इस मुद्दे पर टकराव होता दिख रहा है। टीएमसी नेता मदन मित्रा के बयान पर सांसद महुआ मोइत्रा ने सवाल उठाए हैं।

## रात को किए जा चुके हैं 7 इंजीनियर निलंबित

# आखिरकार...90 डिग्री के दोषी अफसरों पर आज आरोप तय होंगे



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी में जानलेवा डिजाइन वाले ओवरब्रिज पर आखिरकार सरकार ने एक्शन लिया है। यह मामला करीब एक महीने से देशभर में सुर्खियों में है तथा मप्र के इंजीनियर्स और उनके कामकाज को लेकर मखौल बन रहा है। हालांकि ब्रिज का लोकार्पण अभी नहीं किया गया है। बीती रात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर लिखा है कि मैंने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। रिपोर्ट के आधार पर लोक निर्माण विभाग के 8 इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दो सीई सहित सात इंजीनियर्स को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। एक सेवानिवृत एसई के खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी।आज इन अफसरों पर आरोप तय होंगे।

इसके अलावा प्रोजेक्ट में आरओबी का त्रुटिपूर्ण डिजाइन प्रस्तुत करने पर निर्माण एजेंसी एवं डिजाइन कंसल्टेंट, दोनों को ब्लैक लिस्ट किया है। आरओबी में आवश्यक सुधार के लिए कमेटी बनाई गई है। सुधार के बाद ही आरओबी का लोकार्पण किया जाएगा।

ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 21 मई 2022 को शुरू था। समय-सीमा से प्रोजेक्ट एक साल देरी से चल रहा है। 17 करोड़ 37 लाख की लागत वाले ब्रिज का निर्माण अगस्त 2024 में पूरा होना था। लेकिन, जून 2025 में भी इसे बनाने की प्रक्रिया जारी है।इस बीच 90 डिग्री वाला मोड लोगों की नजर में आ गया,जो वाहनों के लिये बेहद खतरनाक स्थितियों की तरफ इशारा कर रहा है। इस मामले में एनएचएआई ने 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया था। लिहाजा अब ब्रिज को रिडिजाइन करने का फैसला लिया गया है।

## मेट्रो एंकर

### बीती शाम कुत्ते के साथ टहलते नजर आए पति पराग, चौंके लोग

# 30 घंटे बाद भी शेफाली की मौत फिलहाल मिस्ट्री जैसी !

**मुंबई, एजेंसी**

मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला के निधन के तीस घंटे बाद भी उनकी मौत मिस्ट्री की तरह नजर आ रही है। पुलिस अभी अंतिम ?निष्कर्ष का खुलासा नहीं कर सकी है लेकिन घटना के बाद कई तरह की बातें भी हो रही हैं। वहीं शेफाली की मौत के कुछ घंटे बाद उनके पति पराग त्यागी पहली बार देखे गए, वे काफी दुखी नजर आए। मगर बीती शाम जब उन्हें मुंबई में अपने पालतू कुत्ते सिम्बा के साथ बाहर निकलते देखा गया तो लोग चौंक उठे। इस दौरान का एक वीडियो भी अब वायरल हो रहा है, जिसमें पराग को पेट डॉग के साथ टहलते हुए देखा जा सकता है। उनके घर के सामने पुलिस वैन भी नजर आ रही है। हालांकि पराग की नजरें नीची थीं लेकिन लोगों ने इसके लिए भी



उन्हें घेर लिया है। कुछ लोग कह रहे हैं इतना नार्मल कैसे? बहरहाल 2000 के दशक की शुरुआत में मशहूर म्यूजिक वीडियो कांटा लगा3 से मशहूर हुई शेफाली का 42 साल की उम्र में निधन हो गया। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार देर रात को एक्ट्रेस को अचानक दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें पराग त्यागी और उनके तीन करीबी लोगों द्वारा मुंबई के बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का सही कारण फिलहाल अज्ञात है। प्रारंभिक तौर पर कार्डियक अरेस्ट को वजह माना गया है, यह भी सामने आया है कि वे एंटी एजिंग दवा भी ले रही थीं।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने शेफाली के स्टाफ और बिल्डिंग के गार्ड आदि समेत पति पराग व अन्य परिजनों के बयान दर्ज किये हैं। शेफाली की सोसायटी के गार्ड ने बताया, घटना की रात उनके पति पराग मोटरसाइकल से सोसाइटी में आए थे, उनके लिए मैंने ही गेट खोला था। बाद में शेफाली को अस्पताल ले जाने के बाद एक आदमी मोटरसाइकिल पर आया, उनका दोस्त लग रहा था और बताया कि शेफाली नहीं रहीं।

### पहले से थी मौत की भविष्यवाणी !

अब शेफाली के निधन के बाद उनका एक पुराना वीडियो वायरल है। इसमें बिग बॉस के साथी कंटेस्टेंट पारस छाबड़ा उनकी कुंडली पढ़ते नजर आते हैं और कहते हैं- आपके 8वें भाव में चन्द्र, बुध और केतु बैठे हुए हैं। चन्द्र और केतु का कॉम्बिनेशन सबसे बुरा होता है। 8वां भाव नुकसान, अचानक मृत्यु, फेम, छुपे रहस्य और तांत्रिक चीजों से जुड़ा होता है। आपके लिए चन्द्र और केतु का बुरा तो है ही और साथ में बैठा है बुध। यह चिंता और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं को दर्शाता है।



मानसून आते ही शहर में कई स्थानों पर छातों और बरसातियों का बाजार सज गया है। हर साल यह बाजार जुलाई-अगस्त में सड़कों पर नजर आता है। लोग वाहन रोककर खरीदारी के लिए मोलभाव देखे जाते हैं

## 5 तहसीलदारों को सशर्त डिप्टी कलेक्टर का प्रभार

भोपाल। प्रदेश के 5 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर का प्रभार देकर नए जिलों में पदस्थ किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने ये आदेश हाल में जारी किए हैं। तहसीलदार अलका एक्का को पांढुर्णा, आलोक वर्मा को शाजापुर, अनिल कुमार तलैया को पन्ना, बालकृष्ण मिश्रा को सतना और अनिल राघव को ग्वालियर के डिप्टी कलेक्टर का प्रभार दिया है। ये वर्तमान में क्रमशः बैतूल, आगर मालवा, छतरपुर, कटनी और ग्वालियर में तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे। अस्थाई रूप से इन्हें डिप्टी कलेक्टर का प्रभार सौंपा है।

## हिंदी ग्रंथ अकादमी की दिल्ली कार्यशाला में सहभागिता

**भोपाल।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए, शुक्रवार को विश्वकर्मा भवन आईआईटी दिल्ली में एक दिवसीय कार्यशाला में मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के प्रतिनिधि अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त संचालक डॉ. उत्तम सिंह चौहान ने अकादमी की कार्ययोजना, संचालित गतिविधियों, प्रगति प्रतिवेदन एवं प्रकाशित पुस्तकों की जानकारी प्रस्तुत की। बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय भाषाओं के समग्र और बहुविषयक विकास के लिए क्रियान्वयन एवं कार्ययोजना के लिए आवश्यक एवं महत्वपूर्ण अनुशंसा करने के लिए भारतीय भाषा समिति का गठन किया गया है।

### पेट्रोल पंपों की जांच होगी, कारकेड मामले में एफआईआर

# सीएम कारकेड कांड के बाद अब उपभोक्ताओं की सुध !

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**मुख्यमंत्री के वाहन काफिले की गाड़ियों में पानी युक्त डीजल डालने के मामले के बाद अब सरकार सभी पेट्रोल पंप की जांच के लिए जागी है, ताकि उपभोक्ता को गुणवत्ता युक्त डीजल और पेट्रोल मिल सके। नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप की गहन जाँच कराने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।**



उल्लेखनीय है कि रतलाम में कई वाहनों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगाँव से सीएम काफिले के वाहनों की लिए डीजल भरवाया गया था। डीजल में पानी होने से वाहन बंद होने की घटना हल। इस किरकिरी के बाद विभाग अधिकारियों द्वारा पंप की तत्काल ही जांच की गई। जाँच में पेट्रोल एवं डीजल के सेम्पल लिए जाकर बीपीसीएल लेब मांगलिया इंदौर भेजे गए हैं। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। बताया जाता है कि अपर मुख्य सचिव रश्मि अरूण शमी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में तत्काल विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बीपीसीएल को दिए। वर्तमान में वर्षा के मौसम को देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पम्पों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

### प्रतिदिन ऑनलाइन रिपोर्ट

निरीक्षण में देखा जाएगा कि पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवता का डीजल और पेट्रोल प्रदाय करने की समस्त कार्यवाही होगी। सख्त निर्देश हैं कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प में प्रतिदिन सुबह किए जाने वाला निरीक्षण एवं समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षणों की जांच रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज की जाए। इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर बनेगा। सभी आयल कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में उनकी तरफ़ से कोई समस्या नहीं आएगी और पेट्रोल पम्पों की संघन जाँच की जायेगी।

### वैश्विक विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किए गए विश्वस्तरीय ऑनलाइन कोर्स की सुविधा होगी उपलब्ध

# एलएनसीटी और लिंक्डइन लर्निंग के बीच साझेदारी, 16,000 से ज्यादा पाठ्यक्रम !



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

भोपाल एलएनसीटी समूह ने लिंक्डइन लर्निंग के साथ एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की है, जिससे यह मध्य भारत का पहला ऐसा समूह बन गया है, जो अपने छात्रों को वैश्विक विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किए गए विश्वस्तरीय ऑनलाइन कोर्स की सुविधा उपलब्ध कराएगा। यह साझेदारी एलएनसीटी छात्रों को तकनीक, बिज़नेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्ट स्किल्स सहित 16,000 से अधिक कोर्सेज़ तक पहुंच प्रदान करेगी, जिससे छात्रों का स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग सुनिश्चित किया जा सकेगा। एलएनसीटी समूह अब चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, गीतम यूनिवर्सिटी, फ्लेम यूनिवर्सिटी और जैन यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने लिंक्डइन लर्निंग के माध्यम से अपने छात्रों को नवीनतम कौशल प्रदान करने की पहल की है।

**यह हैं प्रमुख विशेषताएं-** लिंक्डइन लर्निंग के 16,000 से अधिक कोर्स की एक्सेस, इंडस्ट्री की मांग वाले कौशलों और ट्रेंड्स की समझ, छात्रों को प्रोफेशनल नेटवर्क ष्लिंक्डइनष् पर अपनी ब्रांड वैल्यू बनाने का अवसर रहेंगे।?

### टेक्नोलॉजी में दक्षता प्रदान करेगी साझेदारी: डॉ. अनुपम चौकसे

इस अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे, चांसलर, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने कहा कि यह साझेदारी एलएनसीटी छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और नवीनतम टेक्नोलॉजी में दक्षता प्रदान करेगी, जिससे वे इंडस्ट्री के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेंगे। आंचल चोपड़ा (रीजनल मैनेजर), अनुप मेनन (अकाउंट डायरेक्टर), और अमित मुखर्जी (सीनियर कस्टमर सक्सेस मैनेजर), लिंक्डइन लर्निंग की टीम ने छात्रों को इस प्लेटफॉर्म के लाभों के बारे में बताया और विभिन्न विश्वविद्यालयों की केस स्टडीज़ प्रस्तुत कीं।

### छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट का एक विशाल सागर: डॉ. एन.के. थापक

डॉ. एन.के. थापक, कुलपति, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने कहा हम अपने छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट का एक विशाल सागर लेकर आए हैं। लिंक्डइन लर्निंग उन्हें निरंतर सीखने और आत्म-प्रस्तुति के प्लेटफॉर्म से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार बनाएगा। जे.एन. चौकसे, संस्थापक एलएनसीटी समूह ने कहा एलएनसीटी हमेशा तकनीकी नवाचारों को अपनाने में अग्रणी रहा है। लिंक्डइन लर्निंग के साथ यह साझेदारी हमारी उत्कृष्टता की ओर एक और कदम है। यह मध्य भारत में अपनी तरह की पहली पहल है।

### अरुणाचल से बिजली खरीदेने की तैयारी

# 20 हजार मेगावाट तक पहुंचेगी मांग, पूरी करेगा प्रोजेक्ट दियांग

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक मध्यप्रदेश में बिजली की मांग 20,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है। अरुणाचल की जिस बहुउद्देशीय जलविद्युत परियोजना से बिजली खरीदी की बात हो रही है है, उसके वित्तीय वर्ष 2031-32 तक पूर्ण होकर चालू होने की संभावना है। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई का कहना है कि मप्र ने जो अनुबंध किया है। उसके तहत खरीदी जाने वाली बिजली रबी सीजन में अधिकतम मांग की अवधि के दौरान 3 घंटे से अधिक और शेष समय में लगभग 9 से 19 घंटे तक की मांग को पूरा करने में सहायता करेगी।**

उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश के दिबांग नदी पर निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय जल विद्युत परियोजना से मध्यप्रदेश हर साल 252 मेगावाट बिजली खरीदेगा। नेशनल हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कार्पोरेशन और मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट के बीच इसको लेकर सीएम मोहन यादव की मौजूदगी में एमओयू हुआ है। अरुणाचल में पैदा होने वाली उक्त् बिजली से कोयला आधारित संयंत्रों की बिजली पर प्रदेश की निर्भरता कम होगी। खरीदी जाने वाली उक्त् बिजली गेहूं की बोवनी से लेकर गर्मी के अंत तक उपयोग की जाएगी। बारिश के समय में बिजली कम खपत रहती है।

मप्र काा मानना है कि भविष्य की मांग को देखते हुए पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के अलावा विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से भी बिजली खरीदने के लिए अनुबंध जरुरी है। प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है यहां घरेलू और औद्योगिक आवश्यकताओं के साथ ही कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ रही है। भविष्य की जरूरत का आकलन भी किया जा रहा है।

### उद्यमी मानसिकता पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि में हुआ विशेषज्ञ व्याख्यान

# सफल उद्यमी में महत्वाकांक्षा, आत्म-विश्वास, विनम्रता- परिश्रम आवश्यक

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के वनमाली सभागार में स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल के अंतर्गत स्कोप उद्यमिता क्लब द्वारा उद्यमी मानसिकता विषय पर एक प्रेरणादायक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसेक्ट के नेशनल प्लेसमेंट हेड उद्दीपन चटर्जी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। चटर्जी ने छात्रों को उद्यमिता के विविध पहलुओं जैसे स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार, जोखिम प्रबंधन, विचार सत्यापन, एमवीपी विकास, और फंडिंग अवसरों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एक सफल उद्यमी में महत्वाकांक्षा, आत्मविश्वास, विनम्रता और परिश्रम का होना आवश्यक है। उन्होंने वर्तमान समय के सफल स्टार्टअप्स के उदाहरणों से छात्रों को प्रेरित किया और बताया कि वे अपने विचारों को स्टार्टअप में कैसे बदल सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन एमबीए विभाग के छात्र आयुष कापसे ने किया और इसका संयोजन डॉ. आयुषी तिवारी, सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन अध्ययन विभाग एवं उद्यमिता क्लब की संकाय समन्वयक द्वारा किया गया। सत्र के दौरान बीबीए विभाग की छात्रा मुस्कान वर्मा ने मंच पर अपने स्टार्टअप आइडिया को प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित फैकल्टी एवं वक्ताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम के पश्चात अन्य छात्रों ने भी अपने इनोवेटिव बिजनेस आइडिया साझा किए।




### आय में इजाफा नहीं, बढ रहे खर्च

# महापौर जुटेंगे भोपाल में, खजाने की खस्ता हालत पर करेंगे मंथन

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

राजधानी भोपाल समेत मप्र के 16 नगर निगमों सहित 413 नगरीय निकायों की वित्तीय हालत खस्ता बनी हुई है। इसी को लेकर जल्द नगर निगमों के महापौरों, नगरपालिका-नगरपरिषदों के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंथन करेगा। इसका प्रस्ताव विभाग से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा गया है, अभी आयोजन की सहमति नहीं मिली है।

दरअसल, संपत्ति कर और अन्य आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से नगरीय निकाय लगातार वित्तीय संसाधनों के लिए जूझ रहे हैं। काफी समय से विभाग निकायों की वित्तीय हालत में सुधार के लिए प्रयास कर रहा है। इसी के तहत राजधानी में जल्द महापौरों और निकायों के अध्यक्षों के साथ एक राज्य स्तरीय आयोजन होगा। फोकस मुख्य रूप से वित्तीय आत्मनिर्भरता पर होगा। बताया जाता है कि प्रस्तावित आयोजन में विभाग के अधिकारियों के अलावा एक्सपर्ट भी शामिल होंगे जो निकायों जो बताएंगे कि किस तरह से फिजूलखर्ची को रोकें और आय के साधन बढ़ाएं।



## एक्यूप्रेशर द्वारा असाध्य रोगोंके लिए उपचार शिविर

**हिरदाराम नगर।** झूलेलाल मंदिर एच वार्ड में शनिवार को एक्यूप्रेशर द्वारा उपचार शिविर की शुरूआत हुई। डॉ. राम मनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान राजस्थान शिविर का आयोजन कर रहा है। शिविर का शुभारंभ परंपरागत तरीके से भगवान झूलेलाल जी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, इस मौके पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, दिनेश वाधवानी, राज मनवानी, नरेश रायचंदानी, नरेश पेसवानी, सुरेश दयारामानी आदि उपस्थित थे। ट्रस्ट के सदस्य नरेश रायचंदानी जी का सम्मान किया गया। डॉ. लोहिया ने बताया कि एक्यूप्रेशर से गर्दन दर्द, हाथो में सूनापन, सिरदर्द, कमरदर्द, स्लिपडिस्क इस तरह के कई बीमारियों का वाइब्रेशन थेरेपी से इलाज संभव है। 2 जुलाई तक झूलेलाल मंदिर में शिविर का लाभ लिया जा सकता है।

### टीचर्स की क्लास | साधु वासवानी स्कूलों में विशेषज्ञों ने शिक्षण पर रखे विचार

# आधुनिक शिक्षा का मंत्र, एआई और नई तकनीक पर जोर

दोहपर मेट्रो, हिरदाराम नगर

साधु वासवानी स्कूल में शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन सत्र में हुई कार्यशाला शिक्षण में आ रहे बदलाव और तकनीक के साथ किस तरह बच्चों को पढ़ाना चाहिए, विशेषज्ञों इस पर अपनी बात रखी। कार्यशाला की शुरूआत में शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकी शिक्षा के मापदंडों को बदल रही है। का इसके साथ कदमताल करना बेहद ज़रूरी है। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों और चुनौतियों को समझते हुए विद्यार्थियों को एक नेक इंसान बनाने को कहा।

पहला सत्र- कार्यशाला के पहले सत्र में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्रोफेसर सुनीला चौबे ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है और %अल्फा जनरेशन% के विद्यार्थी, जो आईपैड और एलेक्सा जैसे उपकरणों का उपयोग करते हैं,



उन्हें पढ़ाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा, बच्चों को सिर्फ पढ़ाना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें एक अच्छा माहौल देना भी उतना ही ज़रूरी है। उन्होंने ऐप्स, यूआरएल और वेबसाइट के ज़रिए बच्चों को शिक्षा देने के तरीके सिखाएं।

दूसरा सत्र- चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य श्री तिलक बैरागी ने कहा कि शिक्षक का पेशा गर्व का पेशा है और शिक्षा एक निरंतर सीखने की प्रक्रिया है। उन्होंने शिक्षकों को सलाह दी कि वे पढ़ाते-पढ़ाते ऊबने से बचने के लिए बीच-बीच में बदलाव करते रहें और नई-नई चीजें सीखकर विद्यार्थियों को सिखाएं। उन्होंने योग, मेडिटेशन और एक्सरसाइज अपनाने तथा बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

तीसरा सत्र- संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्रोफेसर मंजू देवनानी ने कहा कि एक शिक्षक में जोश, जज्बा और जुनून अत्यंत आवश्यक है। अध्यापक का कार्य अध्यापन है और शिक्षक पर बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी होती है। इसलिए, शिक्षकों को हर समय ऊर्जावान रहना चाहिए और पूरी ऊर्जा के साथ कक्षा में प्रवेश करना चाहिए।

इस अवसर पर, विद्यालय परिवार द्वारा आए हुए अतिथियों को शाल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार में विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, दीपा आहूजा, रुपाली मेशराम और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# 19 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित होगा पचमढ़ी नागद्वारी मेला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पचमढ़ी स्थित प्राचीन नागद्वारी मंदिर परिसर में प्रति वर्ष नागपंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाला पचमढ़ी नागद्वारी मेला इस वर्ष 19 जुलाई से 29 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल, सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर अपर कलेक्टर प्रशासन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पचमढ़ी मेला समिति के सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी, अशासकीय सदस्य आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान श्री रावत द्वारा मेले की समस्त व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा मेले से संबंधित सुविधाओं और समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए।

**मेले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए- सीईओ**

**मेले के सफल संचालन के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न**



उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा समस्त विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें।

बैठक में यातायात व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, भक्तों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपातकालीन प्रबंधन की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उपस्थित रहते हैं, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं सुनियोजित एवं प्रभावी रूप से लागू की जाएं। नागद्वारी मेले के दौरान इस बार साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही ड्रोन का उपयोग कर मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रखा जाएगा।

मेला अवधि में मेला स्थल पर चौबीस घंटे दो एम्बुलेंस जिप्सी की सुविधा भी रहेगी। श्री रावत ने सर्व संबंधितो को निर्देशित किया कि सभी श्रद्धा भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

श्री रावत ने उपस्थित सभी अधिकारियों, मेला समिति सदस्यों एवं सेवा मंडल पदाधिकारियों से कहा कि पचमढ़ी नागद्वारी मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रतीक है, अतः सभी के सहयोग से इसे शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाए।

## सरकार ने जारी की सर्पदंश से जन सामान्य के बचाव के लिए एडवाइजरी

# पीड़ित शीघ्र ही नजदीकी अस्पताल में पहुंचकर चिकित्सा सहायता प्राप्त करें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**बरसात के मौसम में सांपों के प्राकृतिक निवास में पानी भर जाने के कारण सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने को दृष्टिगत रखते हुए मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्पदंश की घटनाओं से जनहानि के नियंत्रण और बचाव के लिए सुझाव जारी किए गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई संपादित किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं जिसमें सर्पदंश से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता, सर्प से बचाव, प्राथमिक उपचार, साफ सफाई, प्रशिक्षित सर्प मित्रों की वार्ड एवं ग्रामीण स्तरों में तैनाती आदि सम्मिलित है।**




मप्र आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा जिले में पंचायत एवं शहरी वार्ड स्तर पर विभिन्न माध्यम से जन जागृति तथा प्रशिक्षण उपलब्ध किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही सर्प दंश से बचाव तथा प्राथमिक उपचार संबंधित सुझाव का होर्डिंग, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करवाया जाए।

उक्त कार्य के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठनों सामुदायिक समूह और समाजसेवी सगठनों की भी सहायता ली जा सकती है। जारी दिशा निर्देशानुसार जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि स्कूल एवं कॉलेज में सर्पदंश के खतरों एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं साथ ही सिविल डिफेंस आपदा मित्र वॉलिंटियर के लिए सांपों के विभिन्न प्रजातियों की पहचान तथा सर्पदंश के प्राथमिक उपचार एवं प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित करें।

जिले में प्रशिक्षित स्नेक कैचर्स सर्प मित्रों की पंचायत एवं वार्ड स्तर पर तैनाती की जाए साथ ही उनके हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाना सुनिश्चित करें। साथी उन्हें स्नेक रेस्क्यू कट फर्स्ट एड किट उपलब्ध किए जाने की व्यवस्था भी की जाए जिससे सर प्रेस क्यों के दौरान इस किट का उपयोग सुरक्षित रेस्क्यू कार्य के लिए किया जा सके।

इसी प्रकार समस्त शासकीय चिकित्सालय्यों में सर्पदंश से बचाव संबंधी एंटी वेनोम दवाइयों का भंडारण पर्याप्त मात्रा में किया जाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### सर्पदंश पीड़ितों के उपचार की व्यवस्था

सरपदंश की घटनाओं में देखा गया है कि बहुत सारे लोग सर्पदंश के बाद अस्पताल ना जाकर झाड़ फूंक में महत्वपूर्ण समय को गंवा देते हैं। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को त्वरित रूप से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक उपचार केंद्र पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सांप काटने पर शांत रहें और घबराए नहीं घबराने से हृदय गति बढ़ जाती है जिससे विष का फैलाव तेजी से हो सकता है।

सर्पदंश स्थल को साफ और खुला रखें ताकि उसमें हवा लग सके साथ ही ढीली पट्टी बांध सकते हैं लेकिन रक्त प्रवाह को बंद ना करें। सर्पदंश वाले घाव को धोने की कोशिश ना करें यह विष के फैलाव को बढ़ा सकता है।

### सर्पदंश के बाद क्या ना करें

स्वयं से किसी भी प्रकार की दवाई मरीज को ना दें साथ ही पीड़ित व्यक्ति के सर्पदंश वाले भाग पर किसी भी प्रकार का मलहम ना लगाएं एवं सपेरे अथवा तांत्रिक से किसी भी प्रकार का परामर्श न लें। शीघ्र ही नजदीकी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। सर्पदंश स्थल को काटने या चूसने की कोशिश ना करें यह विष को हटाने में मदद नहीं करता और संक्रमण का जोखिम बढ़ा सकता है। सर्पदंश स्थल पर आइस पैक ना लगाएं यह विष के फैलाव को नहीं रोकता और ऊतक क्षति का कारण बन सकता है साथ ही साबुन और पानी से भी साफ ना करें। अल्कोहल या कैफीन का सेवन भी हानिकारक हो सकता है क्योंकि यह विष के प्रभाव को बढ़ा सकता है।

### सर्पदंश से बचने के उपाय

सर्पदंश से बचने के लिए स्लीपिंग बैग जूते और कपड़ों को उपयोग करने से पहले उन्हें हिलाए जिससे उनमें छिपे सांप या अन्य कोई जीव जंतु बाहर निकल जाएं। रात में टहलते समय भारी बारिश के बाद टॉर्च या रोशनी का उपयोग करें। अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें।

घर या दुकान के आसपास किसी भी तरीके का कबाड़ इकट्ठा न होने दें साथ ही इन स्थानों पर छोटे-छोटे गड्ढे और दरारों को बंद कर दें।

### सर्पदंश के लक्षण

सांप के डंसने काटने से अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं जैसे काटने वाली जगह पर दर्द एवं सूजन, एलर्जी, घाव से खून बहना, लो बीपी, अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना, अति जहरीले सांप के काटने पर पीड़ित को आंखें खोलने तथा बोलने में कठिनाई सांस रुकना खून तथा काटे गए अंग के काले पड़ने की भी संभावना रहती है।

## नर्मदापुरम में विधायक संग अफसरों ने देखा रीजनल कॉन्क्लेव

**नर्मदापुरम।** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर रतलाम में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव – एमपी राइज़ 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण में भी हुआ।, जिसमें विधायक सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण विधायक डॉ. शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्वरोजगार योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्रदिए इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि एमपी राइज़ कॉन्क्लेव प्रदेश के औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से प्रदेश के साथ-साथ नर्मदापुरम जिले में भी नए उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। डॉ. शर्मा ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे स्वयं भी आत्मनिर्भर बनें और दूसरों को भी रोजगार देने का कार्य करें। इस दौरान एनआरएलएम, खादी, उद्यानिकी, आदि विभागों की योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रक भी प्रदान किए गए।



## भगवान विष्णु के चार धामों में से एक जगन्नाथपुरी धरती का बैकुंठ है : महंत राममनोहरदास

**गंजबासौदा।** महाप्रभु जगन्नाथ की लीला स्थल जगन्नाथपुरी को पुराणों में धरती का वैकुंठ कहा गया है जो कि भगवान विष्णु के चार धामों में से एक है। इसे श्रीक्षेत्र, श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्र, शाक क्षेत्र, नीलांचल, नीलगिरि और श्री जगन्नाथपुरी भी कहते हैं। नौलखी मंदिर में चल रही भगवान जगन्नाथ की कथा यहां लक्ष्मीपति विष्णु ने तरह-तरह की लीलाएं की थीं। ब्रह्म और स्कंद पुराण के अनुसार यहां भगवान विष्णु पुरुषोत्तम नीलमाधव के रूप में अवतरित हुए और सबर जनजाति के परम पूज्य देवता बन गए। स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथ यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही भगवान महाप्रभु जगन्नाथ की लीला कथा का वर्णन करते हुए नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने व्यक्त किए। कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से आयोजित हो रही है। आज ब्राह्मण दल द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। ज्ञात हो कि रथ यात्रा के पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ,बहन सुभद्रा और बलभद्र जी के साथ स्टेशन रोड़ स्थित अपनी मौसी के घर नौलखी मंदिर में विराजमान हैं। महाप्रभु की सेवा में भक्तों द्वारा प्रतिदिन व्यंजनों का भोग अर्पित किया जा रहा है। शनिवार को महाप्रभु जगन्नाथ भगवान को सुबह भक्तों द्वारा बालभोग में पोहा और जलेबी का भोग लगाया गया। नौलखी मंदिर में आयोजित हो रही भगवान जगन्नाथ की लीला कथा के प्रथम दिन जगन्नाथ पुरी क्षेत्र के महत्व से जुड़ी लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि पुरी का श्रीजगन्नाथ मंदिर चार धामों में से एक है। जगन्नाथ रथ यात्रा सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि मोक्ष की ओर ले जाने वाला आध्यात्मिक मार्ग है।



## राज्य शिक्षक संघ ने ई अटेंडेंस के विरोध में दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में दिया है जिसमें कहा गया है कि ई अटेंडेंस योजना को एक साथ प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों में प्रारंभ की जाए नहीं तो शिक्षकों के लिए भी स्थगित की जाए। शिक्षकों का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शिक्षकों के लिए हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ की जा रही है। प्रदेश का समूचा शिक्षक संवर्ग प्रदेश सरकार की मंशानुरूप लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को राष्ट्र में प्रमुख पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहा है। इस ईमानदारी और समर्पण का सुखद परिणाम यह रहा कि बोर्ड परीक्षा परिणामों में शासकीय वि?द्यालयों का प्रदर्शन उत्तम रहा है। परीक्षा परिणामों के बाद आपके ?द्वारा सार्वजनिक रूप से शासकीय शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की गई है। प्रदेश में केवल शिक्षक संवर्ग की ई अटेंडेंस योजना से हाजिरी लगने की योजना से समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षक संवर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होने के कारण उनकी ऐसी हाजिरी ली जा रही है।



## गंजबासौदा को जिला बनाने भगवान जगन्नाथ को दिया ज्ञापन



**गंजबासौदा।** कई वर्षों से नागरिकों द्वारा गंजबासौदा को जिला बनाने की मांग की जा रही है। इसी मांग को लेकर गंजबासौदा को जिला बनाओ अभियान समिति एवं मित्र मंडल के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ स्वामी जी ,बलदाऊ जी तथा सुभद्रा देवी जी के श्री चरणों में गंजबासौदा को जिला बनाने के लिए ज्ञापन निवेदित किया गया। जिला बनाओ अभियान समिति के शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि जगदीश स्वामी रथयात्रा के शुभ अवसर पर भगवान जगन्नाथ को बासौदा को जिला बनाने ज्ञापन दिया है। भगवान की कृपा का संकेत भी मिला जब ज्ञापन देते समय इंद्र देवता ने भी आशीर्वाद देने रिमझिम वर्षा के रूप में आशीर्वाद दिया। सामाजिक रूप से राजनैतिक रूप से तथा विभिन्न प्रकार के संगठनों के माध्यम से गंजबासौदा को जिला बनाने की मुहिम वर्षों से जारी है इससे पहले भी बासौदा को जिला बनाने के लिए पैदल यात्रा और हस्ताक्षर अभियान, भूख हड़ताल सहित धार्मिक आयोजन भी हुए है। अब परम सत्ता का शुभ आशीर्वाद प्राप्त हो इस भावना से गंजबासौदा को जिला बनाने के लिए भगवान के ज्ञापन दिया है।

## संविधान की हत्या के बाद लोकतंत्र जिंदा कैसे : दीक्षित



**नर्मदापुरम.** संविधान की हत्या के बाद लोकतंत्र जिंदा कैसे? यह एक राजनीतिक सोच नहीं होते हुए सच्चाई के दर्पण में वह तस्वीर है जिसका मूल्यांकन किया जाना लोकतंत्र के लिए आवश्यक है. उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी के सुशासन की ओर इंगित करता है लेकिन आपातकाल के गुण अवगुणों का परीक्षण भी किया जाना चाहिए जहां एक और अराजकता की प्रस्तुति राजनीतिक लोगों की गिरफ्तारी बिना गुण दोष के किए जाने का माहौल देखा गया वहीं दूसरी और अनुशासन के तहत समय पर कर्मचारी एवं अधिकारी द्वारा अपने कार्य का निपटारा किया जाना समय पर रेल संचालन समय पर बस संचालन पुलिस का मुस्तदी से कार्य करते हुए कार्रवाई को मूर्त रूप देना गुंडागर्दी शोषण भ्रष्टाचार में कमी होना आपातकाल की प्रस्तुति को दर्शाते हैं।

**मेट्रो एंकर** जनमानस को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के दिए निर्देश

# सीएमएचओ ने की स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ नरपत सिंह गहलोत द्वारा स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय मीटिंग ली गई। समीक्षा बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं के चिह्नांकन, पंजीयन के आंकड़ों में अंतर व टीकाकरण में समानता रखें, स्वस्थ यकृत परीक्षण अभियान में शत प्रतिशत उपलब्धि, एनसीडी पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए।




सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय पर रहें, जरूरी दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। 22 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने बाले दस्तक अभियान की विस्तृत से जानकारी दी, मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की सेक्टर एवं मासिक बैठक में समीक्षा करें और रिपोर्ट को पोर्टल में एंट्री करते हुए चिकित्सा अधिकारी स्थानीय टीम के साथ गृह भेंट करें। टीबी मुक्त भारत, एनीमिया मुक्त सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य समय पर पूरे किए जाएं।

बैठक में निर्देश दिए गए कि बारिश के मौसम को देखते हुए प्रबंधन स्थित मुख्यालय पर मौजूद रहे,अंतरा हितग्राहियो के खाता नंबर जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल एवं सीएचसी में उपलब्ध कराये ताकि भुगतान कराया जा सके, शेष नसबंदी केस हितग्राहियो के खाता नम्बर संस्थाओं में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि बैकलॉक ख़तम किया जा सके, PVTG एवं 70+ के शेष हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड शतप्रतिशत बनाकर प्रतिदिन सुपरवाइजर के माध्यम से रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें।

जेएसवाय भुगतान में अनमोल पोर्टल में यदि एएनएम द्वारा गलत जानकारी दी गई है जिसके कारण भुगतान करने में परेशानी होती है ऐसी स्थिति में एएनएम से वसूली की जाए।

हाई रिस्क गर्भवती महिलाओ की जानकारी /सुविधाएं निरंतर लेते रहे और हर माह के 09 तारीख एवं 25 तारीख को नजदीकी संस्था में भेजना सुनिश्चित करें, मौसमी बीमारियों के प्रति सजग रहे अपने पास दबाईओ के पर्याप्त भंडार रखे,मलेरिया माह जून 2025 में मलेरिया से बचाव के लिए जन -मानस को स्वास्थ्य शिक्षा दें एवं बुखार पीड़ितों की रक्त पट्टी बनाए, परिवार कल्याण के अस्थाई साधन हितग्राहियो को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें,

### ये रहे मौजूद

मीटिंग में जिला स्वास्थ्य विभाग के समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीपीएम, डैम, अधीक्षक, सीबीएमओ, बीएमओ,बीईई, बीपीएम, बीसीएम, लेखापाल, एसटीएलएस, कार्यालयीन स्टाफ,डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने धरती आबा अभियान के शिविरों का जायजा लिया

# अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा एक भी हितग्राही लाभ लेने से वंचित न रहे : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज बासौदा तहसील के ग्रामों में आयोजित धरती आबा अभियान के शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ और उनकी मूलभूत समस्याओं से अवगत होने के उपरांत समाधान की पहल की है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निरीक्षणीय जायजा के दौरान विभागों के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिविर के बाद एक भी हितग्राही लाभान्वित होने से वंचित ना रहे, यही इन विशेष शिविरों का उद्देश्य है, जिसकी पूर्ति में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएं।





### अधिकारियों को भेजा

कलेक्टर श्री गुप्ता ने शिविर में ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति में हो रही दिक्कतों पर त्वरित कार्यवाही की प्रक्रिया का निर्वहन करते हुए शिकायतकर्ता के साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याग्रस्त स्थल तक भेज कर मौके पर समाधान कराने की पहल की है।

### डिंडोली का भ्रमण

कलेक्टर श्री गुप्ता ने धरती आबा अभियान के तहत डिंडोली में आयोजित शिविर में पहुंचकर विभागवार संपादित कार्यों की अघतन प्रगति की जानकारियां संवाद कर जानी। मौके पर मौजूद आवेदकों व अन्य ग्रामीणों से चर्चा कर क्रॉस मानिटरिंग का क्रियान्वयन किया गया है। शिविर में अनुपस्थित रहने या हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के कार्यों में विलंबता प्रदर्शित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश बासौदा एसडीएम को मौके पर दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने डिंडोली ग्राम में पैदल घूम कर जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास की मंशा को ध्यान गत रखते हुए कराए जाने वाले कार्यों का जायजा लिया है। उन्होंने गांव की उक्त बस्ती में दूषित जल निकासी, साफ-सफाई नहीं पाएं जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए सड़क के निर्माण कार्यो को 15 वें वित्त आयोग की राशि से कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा तहसील के ग्राम तबक्कलपुर और लहदरा के शिविर का भी जायजा लिया है।

### कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर श्री गुप्ता ने धरती आबा अभियान के शिविरों का निरीक्षण दौरान कार्यवाही के निर्देश एसडीएम को दिए थे। तदानुसार विकासखंड बासौदा के ग्राम डिंडोली, तवक्कलपुर और लहदरा आदि ग्रामों में आयोजित धरती आबा कैंप में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। डिडोंली में सीडीपीओ बासौदा के अनुपस्थित रहने से उनके विरुद्ध अनुसात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए जाने एवं डिडोंली में श्रीमति स्वर्णिमा सोनी सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन काटने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। डिडोंली में वीर सिंह बघेल, सहायक यंत्री एमपीईबी बासौदा, को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु एमपीईबी को निर्देशित किया गया। लेहदरा में दीक्षा रघुवंशी, प्रबंधक व विक्रेता, पीडीएस दुकान (उचित मूल्य दुकान, स्व सहायता समूह) को समग्र ई-केवाईसी कम होने के कारण पीडीएस शॉप से समूह को बर्खास्त किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

डिडोंली में सोहन लाल अहिरवार, वेटनरी फील्ड ऑफिसर का एक दिन का वेतन काटे जाने हेतु एवं कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। शिविर स्थलों पर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के अलावा बासौदा विकासखंड के खंड स्तरीय अधिकारी ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सीएम के कुरवाई में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधो के परिपेक्ष में की जा रही तैयारियों का जायजा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई में समीक्षा बैठक के माध्यम से लिया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राही उक्त कार्यक्रम में अनिवार रूप से उपस्थित हो के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किये जाएं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर जिन निर्माण कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास किया जाना है उन कार्यों की सूची तैयार की जाए और कार्यक्रम स्तर पर हितग्राहियों को हित लाभ वितरण के लिए विभागवार हितग्राही का चयन किया जाए। कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो इसके लिए किए जाने वाले प्रमुख प्रबंध तथा वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान गत रखते हुए संपूर्ण पंडाल वाटर प्रूफ बनाया जाएगा। ततंसबंध में मध्यप्रदेश माध्यम भोपाल से आए प्रतिनिधि ने जानकारियां सांझा करते हुए विस्तृत प्रदर्शनी लगाने की रूपरेखा से अवगत कराया है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी विभागीय कार्यों हेतु किए जाने वाले प्रबंधों की जानकारियां दी गई।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभिन्न विभागों को आयोजन सभा स्थल के समीप विभागीय प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए हैं। अब तक विभाग वार की गई तैयारियों की जानकारियां सांझा की गई थी। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने मुख्यमंत्री जी की गरिमा अनुसार सभी कार्य समय पर पूरे कराने के निर्देश दिए हैं। कुरवाई एसडीएम कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी तथा खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बगैर अनुमति नाले में पाइप डालना पड़ महंगा, नपा ने सुहाग मैरिज गार्डन संचालक को थमाया नोटिस

### किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कलेक्टर को की थी शिकायत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



नियम विरुद्ध काम करने वाले के हौसले इतने ज्यादा बुलंद हो गए हैं कि इन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं है। इसी तरह का एक मामला शनिवार को देखने को मिला अपना उल्लू सीधा करने के लिए नवीन बस स्टैंड पालीवाल कॉलोनी में निजी गार्डन संचालक ने पालिका परिषद के नाले में बिना अनुमति लिए पुलिया वाले पाइप अपने आगे डलवा लिए जिसका विरोध होने के बाद नगरपालिका ने नोटिस जारी करके हटाने को निर्देशित किया है।

इन पाइपों को लेकर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कलेक्टर को शिकायत की थी इसके बाद कलेक्टर ने सीएमओ को तत्काल जांच करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका सीएमओ ने रामप्रकाश साहू ने नगर पालिका परिषद से अनुमति लिए बगैर अपने फायदे के लिए नाले में पाइप डालने को लेकर सुहाग मैरिज गार्डन संचालक को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इन पाइपों को तत्काल हटा ले नहीं तो नगरपालिका परिषद अपने अमले से पाइपों को हटवा कर जप्त करने की करवाई करेगी। गार्डन संचालक के नहीं मिलने पर नोटिस को नगर पालिका कर्मचारी ने गार्डन की दीवाल पर चस्पा कर दिया है। दूसरी ओर नाले का निर्माण नहीं होने से पानी निकासी की समस्या भी निर्मित हो रही है। नगर पालिका परिषद ने भी चार पाइप दो जगह नाले में डलवाए हैं जहां पर पानी निकासी पानी को फ्लो करने को लिए डलवाए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि दो स्थानों पर पानी निकासी की क्रॉसिंग है इस वजह से पानी निकालने के लिए 4 पाइप डलवाए हैं।

## बाल वैज्ञानिकों के विज्ञान प्रादर्शो का किया कलेक्टर ने किया अवलोकन

**रायसेन।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली इनोवेशन एवं फाउन्डेशन द्वारा प्रवर्तित तथा लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा आयोजित और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी वर्ष 2025 का दो दिवसीय आयोजन 27 एवं 28 जून 2025 को रायसेन स्थित प्रेसीडेन्सी महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें रायसेन जिले के 68 बाल वैज्ञानिक एवं विदिशा जिले के 42 बाल वैज्ञानिकों ने उनके गाईड शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में उनके द्वारा निर्मित विज्ञान-प्रादर्शो (साइंस मॉडल) के साथ सहभागिता की गई। कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उन्होंने विज्ञान प्रादर्शो का अवलोकन करते हुए बाल वैज्ञानिकों से संवाद कर उनके द्वारा निर्मित विज्ञान प्रादर्शो की वैज्ञानिक अवधारण को जाना। साथ ही विज्ञान प्रादर्शो की प्रशंसा की। इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विज्ञान प्रादर्शो का मूल्यांकन अधिकृत जूरी सदस्यों द्वारा किया गया।

## अशासकीय स्कूलो में शैक्षणिक गतिविधियों का क्रियान्वयन तय नियमानुसार हो : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज विदिशा जिले में संचालित समस्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल, माध्यमिक, प्राथमिक विद्यालय (सीबीएसई), विद्यालय के संचालको की बैठक आयोजित कर उन्हें शासन के दिशा निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानो में गतिविधियों का क्रियान्वयन कराने हेतु सचेत किया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि अशासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत बच्चो को शासन की जिन-जिन योजनाओं के हितलाभ हेतु पात्रता रखते है वे उससे वंचित ना रहे यह दायित्व संबंधित शैक्षणिक संस्था का भी होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के बस्तो का वजन कक्षावार तय किया गया है जिसका पालन सुनिश्चित हो। कोई भी शैक्षणिक संस्थान अनावश्यक रूप से अभिभावको को पुस्तके, ड्रेस खरीदने अथवा अन्य सामग्री खरीदने के लिए दबाव नहीं बनाएंगे। जिन स्कूलो के लिए एनसीआरटी की किताबे बाध्य की गई है वे अन्य निजी प्रशासको की किताबे खरीदने के लिए किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पहली बैठक है अतः सभी अशासकीय स्कूलो के संचालक व मौजूद प्रतिनिधि ऐसी कार्यप्रणाली अपनाएं कि शासकीय नियमो की अनदेखी ना हो और ना ही कहीं से शिकायते प्राप्त हो।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में



आयोजित इस बैठक में जिन एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा कर क्रियान्वयन कराने हेतु निर्देशित किया गया उनमें सभी विद्यालयो के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बढाई गई फीस के औचित्य एवं कारणो को स्कूलवार रेखांकित किया गया। विद्यालयों में खेल सुविधाएं, प्ले ग्राउण्ड तथा कितने बच्चों के द्वारा स्टेट एवं नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया कि जानकारी तथा इस शैक्षणिक सत्र में ली जाने वाली फीस की विस्तृत जानकारी जैसे एडमिशन, क्रीड़ा, स्काउट, रेडक्रास, कैरियर काउसंलिग, शाला विकास, शिक्षण शुल्क, परिवहन शुल्क आदि की जानकारी, ईको क्लब पौधरोपण की जानकारी शामिल है।

अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल तक आने जाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले वाहन जैसे बस, आटो के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा आवश्यक जानकारियां सांझा की गई और हरेक स्कूल में एक-एक वाहन प्रभारी नियुक्त करने के सुझाव पर सहमति व्यक्त की गई है वही आटो में निर्धारित संख्या में बच्चो को लाने ले जाने का कार्य किया जाए। बच्चे किन-किन आटो से आते है उन आटो के नम्बरो संबंधी जानकारी स्कूलो में संधारित की जाए। जिले में एक भी डमी स्कूल संचालित ना हो, विद्यालय में लागू पाठ्यक्रम निर्धारण पर चर्चा की गई इसके अलावा फीस विनियमन अधिनियम 2017 तथा संशोधन अधिनियम के साथ-साथ पाठयक्रम एवं अन्य गतिविधियों, आरटीई की जानकारी और विद्यालय में फायर प्लान के संबंध में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेट होमगार्ड के द्वारा फायर सेफ्टी, बच्चे जिस मार्ग से आते है वहां स्कूल के आसपास पुल-पुलियां है तो पानी भरे रहने की स्थिति में गार्जन अथवा अध्यापको की देखरेख में रास्ता पार कराया जाए। फायर प्लान बाढ से बचाव सहित अन्य आपदाओ से बचाव व जानकारी के लिए सचेत एप डाउनलोड करने हेतु उपस्थित प्रतिनिधियों को सलाह दी गई है।

उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर व शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा, डीपीसी, जिला शिक्षा अधिकारी समेत शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा अशासकीय विद्यालयो के संचालक, प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एडिप योजना तहत गंजबासौदा में आयोजित हुआ शिविर

## 241 हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण

**सिरोंज।** विदिशा भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत सामाजिक न्याय विभाग द्वारा गंजबासौदा नगर पालिका परिसर में दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया था इस शिविर के माध्यम से जिले के 241 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। एडिप योजना के तहत आज गंजबासौदा नगर पालिका एवं जनपद क्षेत्र के 241 हितग्राहियों को विधायक श्री हरि सिंह रघुवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव ने सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिनमें नगरपालिका क्षेत्र के 61 और जनपद पंचायत क्षेत्र के 180



हितग्राही शामिल है। इस दौरान योजना से लाभान्वित हितग्राही सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## एमपी ट्रांसको में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन 1 से

**सिरोंज।** विदिशा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालय, शक्तिभवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा। इसके लिए तीन दल गठित किए गए हैं, जो दस्तावेजों का प्रारंभिक सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात, इन दस्तावेजों का अंतिम परीक्षण अधीक्षण अभियंताओं द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सूचना प्रदान की जा चुकी है।

**मेट्रो एंकर** बरेज पीएम श्री हाई स्कूल में जल संरक्षण पर संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



## जलस्रोतों का संरक्षण, पौधरोपण बहुत जरूरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जल गंगा संवर्धन अभियान में शनिवार को पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बरेज में एक विशेष संगोष्ठी तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन अभियान परिषद की संस्था सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में हुआ । इनका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना ओर पर्यावरण के प्रति संरक्षण का संदेश भी दिया । मुख्य अतिथि

### छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की

रिटायर्ड शिक्षक विजय कुमार लाहोरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष नवल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विजय कुमार लाहोरी ने जल संकट की वर्तमान चुनौतियों और इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षा के जल को संचयन, जलस्रोतों के संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर ही जल संकट से निपटा जा सकता है। प्राचार्य संतोष जैन ने कहा, जल ही जीवन है, इसकी एक-एक बूँद अमूल्य है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना ही होगा। समिति अध्यक्ष नवल सिंह राजपूत ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्षारोपण से ही जल स्तर को बनाए रखना संभव होगा।

संगोष्ठी के उपरांत विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की न अंत में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा सभी को अपने घर और समाज में जल बचाने एवं पौधारोपण करने करवाने और करने जोल दिया।

### भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती

# बर्मिंघम में टीम इंडिया को पहली जीत की तलाश आठ में से सात मैचों में मिली है हार, एक रहा ड्रॉ

### लीड्स में भारतीय टीम को पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा

**बर्मिंघम , एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती है। दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में दो जुलाई से खेला जाएगा। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की है। बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले हैं जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। दो अन्य जिन पर जीत नहीं मिली है, उनमें मैनचेस्टर और साउथम्पटन शामिल हैं। लीड्स में भारतीय टीम को पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बेन स्टोक्स की टीम 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अच्छा था लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए। पहली पारी में भारत के निचले क्रम के प्रदर्शन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पहली पारी में अंतिम सात विकेट 41 रन पर गिर गए थे और भारतीय टीम जो एक समय 500 से ऊपर का स्कोर बनाती नजर आ रही थी वह 471 पर ऑलआउट हो गई थी।



### गिल को कप्तानी में छोड़नी होगी छाप

दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा खाता नहीं खोल पाए। भारतीय टीम ने अंतिम छह विकेट महज 32 रन पर गंवा दिए थे। प्रसिद्ध का कहना है कि निचले क्रम का भी बल्ले से योगदान दिया जाना जरूरी है और नेट प्रैक्टिस में इस पर भी जोर दिया जा रहा है। 25 साल के शुभमन गिल की कप्तानी को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारूप को अलविदा कहने के बाद गिल ने दायित्व संभाला है। एक बल्लेबाज के तौर पर तो उन्होंने पहली पारी में 147 रन की पारी खेलकर अच्छी फॉर्म का संकेत दिया है, लेकिन एक कप्तान के तौर पर अभी उन्हें छाप छोड़नी बाकी है।

## टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट से पहले प्रैक्टिस की

टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में नेट सेशन किया। लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से मिली हार के बाद प्लेयर्स का यह पहला प्रैक्टिस सेशन था। शुभमन गिल की कप्तानी टीम सुबह 9~15 बजे मैदान पर पहुंची और 3 घंटे तक प्रैक्टिस किया। बुमराह और प्रसिद्ध ने हिस्सा नहीं लिया -इस प्रैक्टिस सेशन में पेसर जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने हिस्सा नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ ग्राउंड आए थे। वर्कलोड के चलते जसप्रीत बुमराह का दूसरे टेस्ट खेलना मुश्किल है। सिराज ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया मोहम्मद सिराज ने केवल बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने कोच सितांशु कोटक के साथ करीब 30 मिनट तक गेंद को छोड़ने, खेलने की तकनीक पर काम किया। अर्शदीप सिंह और आकाशदीप ने गेंदबाजी कोच से बात की अर्शदीप सिंह और आकाश दीप ने बल्ले और गेंद दोनों से लंबे समय तक अभ्यास किया। दोनों को मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ ने करीब से देखा। अर्शदीप ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ अपने रन-अप, बैक-फुट लैंडिंग और तकनीक को बेहतर करने पर ध्यान दिया।

### अर्शदीप डेब्यू कर सकते हैं

आकाश दीप और अर्शदीप को मिल सकती है जगह दूसरे टेस्ट में आकाश दीप और अर्शदीप को मौका मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजबेस्टन टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। ऐसे में आकाशदीप और अर्शदीप सिंह में से एक खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।




### बांग्लादेश को श्रीलंका ने पारी और 78 रन से हराया

# पथुम निसंका ने 158 रन बनाए, प्रबथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिए, पथुम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

**कोलंबो , एजेंसी**

**श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंकाई टीम ने 2 मैच की टेस्ट सीरीज में 1-0 से अपने नाम कर ली। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था। स्पिनर प्रबथ जयसूर्या के 5 विकेट की बदौलत कोलंबो टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका ने बांग्लादेश की दूसरी पारी को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 247 रन बनाए थे। टीम से शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए।**

पथुम निसंका के शतक से श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए। टीम को बांग्लादेश की पहली पारी के आधार पर 211 रन की बढ़त मिली। निसंका को उनके 158 रन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रबथ जयसूर्या ने 18 ओवर में 56 रन देकर 5 विकेट लिए।

तीसरे दिन बांग्लादेश का स्कोर 6 विकेट पर 115 रन था और लेकिन चौथे दिन आधे घंटे के अंदर बांग्लादेश ने बाकी 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने आखिरी 5 विकेट मात्र 33 रन पर गंवाए। श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। उनके अलावा धनंजय डी सिल्वा और थारिंदू रथनायके को 2-2 विकेट मिला। असिथा फर्नांडो ने एक विकेट लिया। बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरूआत करने आए अनामुल हक को तीसरे दिन चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। अनामुल ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए। उन्होंने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े।

शादमान इस्लाम (12 रन), मोमिनुल हक (15 रन) और मुश्फिकुर रहीम (26 रन) बनाकर आउट हुए। टीम से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं सका। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो का विकेट 19 रन पर डी सिल्वा ने लिया। तीसरे दिन के स्टंप्स से ठीक पहले मेहदी हसन मिराज को थारिंदु रथनायके ने 11 रन पर छ्इह किया। दूसरे दिन के पहले सेशन में बांग्लादेश को 247 रन पर ऑलआउट करने के बाद श्रीलंकाई टीम ने मजबूत शुरूआत की। पथुम निसंका और लहिरू उदारा की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। यहां टीम का स्कोर 83/0 रहा। श्रीलंकाई ओपनर्स की साझेदारी को तैजुल इस्लाम ने तोड़ा। उन्होंने लहिरू उदारा को 40 रन के स्कोर पर छ्इह कर दिया। निसंका और उदारा ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े।

### निसंका का तीसरा शतक, चंडीमल के साथ 194 रन की साझेदारी

88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए। चंडीमल के बाद कुसल मेंडिस ने 84 रन की तेज पारी खेली। उन्हें नईम हसन ने लिटन दास के हाथों कैच कराया। निसंका 158 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तैजुल इस्लाम ने आउट किया।

# प्रसिद्ध ने लीड्स टेस्ट में अपनी खराब गेंदबाजी की ली जिम्मेदारी

**बर्मिंघम , एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था।



प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था। उन्होंने कहा, मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए।

कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

प्रसिद्ध ने कहा, मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## फिल्मों में अभिषेक बच्चन ने पूरे किए 25 साल, बिग बी ने दी बधाई

अभिषेक बच्चन इस समय अपनी आगामी फिल्म कालीधर लापता से चर्चा में हैं। अभिनेता ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में रिफ्यूजी फिल्म में से किया था। एक्टर को फिल्मों में काम करते हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। इस खुशी में उनके पिता और दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन ने कई ट्वीट्स करते हुए उन्हें बधाई दी है। साथ ही बिग बी ने अभिषेक बच्चन की आगामी फिल्मों पर भी प्रकाश डाला है। चलिए जानते हैं महानायक ने क्या लिखा। अमिताभ बच्चन ने अभिषेक बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे करने पर बधाइयां दी हैं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया, 'इस वैरायटी को मैं प्रणाम करता हूं, और अपने पुत्र की प्रशंसा करता हूं। जी हां, पिता हूं मैं उसका, और मेरे लिए मेरा पुत्र अभिषेक करने योग्य है।' अमिताभ बच्चन ने एक और ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने कहा, 'एक फिल्म कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाली है और एक और नई फिल्म की शुरुआत हो गई है। पहले दिन फिल्म 'किंग' की शूटिंग। मेरा आशीर्वाद भय्यू, ढेर सारा प्यार। एक और फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जो जल्द ही आ रही है, मेरी प्रार्थना है।' अभिषेक बच्चन ने साल 2000 में जेपी दत्ता की फिल्म रिफ्यूजी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था जिसमें करीना कपूर, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी और अनुपम खेर भी थे। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो अभिनेता कालीधर लापता में नजर आने वाले हैं, जो 4 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी।

# शेफाली ही नहीं इन सेलिब्रिटी की मौत से फैंस को लगा झटका, 'बिग बॉस' से रहा सबका कनेक्शन

**शुक्रवार को शेफाली जरीवाला के निधन की खबर से फैंस को जबरदस्त झटका लगा। शेफाली ने बिग बॉस 13 में भी हिस्सा लिया था। 'बिग बॉस' के अलग-अलग सीजन से जुड़े कुछ और कंटेस्टेंट भी हैं, जिनकी अचानक मौत की खबर ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। शेफाली जरीवाला के निधन की खबर से फैंस काफी दुखी हैं। शेफाली के अलावा कई और सेलिब्रिटी भी हैं, जिनके निधन की खबर सुनकर फैंस को धक्का लगा था। इन सब सेलिब्रिटीज में एक बात कॉमन है, सभी ने 'बिग बॉस' के डिफरेंट सीजन में हिस्सा लिया था। जानिए, कौन है वो सेलिब्रिटीज।**



**सिद्धार्थ शुक्ला** – टीवी के मशहूर अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला ने 'बिग बॉस 13' में हिस्सा लिया था। वह इस शो के वह विनर भी बने थे। 2 सितंबर 2021 में हार्ट अटैक से सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हो गया। इस खबर ने सिद्धार्थ के फैंस, दोस्तों को हैरान कर दिया था। खासकर शहनाज गिल, जो कि सिद्धार्थ शुक्ला की काफी करीब थीं, वह इस सदमे से काफी समय तक उबर नहीं सकीं।

**प्रत्युषा बनर्जी** – 'बालिका वधु' सीरियल से मशहूर हुईं प्रत्युषा बनर्जी 'बिग बॉस 7' का हिस्सा बनी थीं। इस रियालिटी शो में भी प्रत्युषा को काफी सराहा गया। मगर साल 2016 में प्रत्युषा ने सुसाइड कर लिया। 1 अप्रैल को 2016 को जब प्रत्युषा के सुसाइड की खबर फैंस को मिली तो किसी को भी यकीन नहीं हुआ।

**राजू श्रीवास्तव** – अपनी कमाल की कॉमेडी के लिए राजू श्रीवास्तव मशहूर थे। वह भी 'बिग बॉस 3' का हिस्सा बने थे। इस शो के वह विनर नहीं बने लेकिन दर्शकों का दिल जरूर जीता। 58 साल के राजू श्रीवास्तव के निधन की जब खबर मिली थी तो फैंस हैरान हुए, उन्हें इस खबर पर यकीन नहीं हुआ। दरअसल, राजू बिल्कुल स्वस्थ थे लेकिन 21 सितंबर 2022 में हार्ट अटैक की वजह से उनका निधन हो गया।

**जयश्री रमैया** – शेफाली, राजू श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शुक्ला बिग बॉस के हिंदी वर्जन में बतौर प्रतियोगी शामिल हुए। यह शो अन्य भाषाओं में भी आता है। 'बिग बॉस 3' कन्नड़ में एक एक्ट्रेस जयश्री रमैया ने हिस्सा लिया था। 25 जनवरी 2021 में इस एक्ट्रेस ने सुसाइड कर लिया था।

### काजोल बोलीं- ये एक्टर्स का वक्त

# 26 इंच की कमर, परफेक्ट नाक पहले जैसा नहीं रहा बॉलीवुड

**फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे) की सिमरन आज तक दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। आयकॉनिक नाम, आयकॉनिक डायलॉग और आयकॉनिक काजोल।।। अभी तक फैन्स की फेवरेट एक्ट्रेस हैं। काजोल की फिल्म %मां% थिएटर्स में रिलीज हुई है। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन भी कर रही है। हाल ही में आजतक के स्टूडियो में काजोल आईं। इस दौरान उन्होंने हॉरर फिल्म करने से लेकर आज के सिनेमा और इंडस्ट्री में बीते 34 सालों में कितना बदलाव आया है, इसके बारे में बताया है।**



फिल्म इंडस्ट्री में पिछले कई सालों में काफी कुछ बदला है। काजोल ने कहा- मुझे लगता है कि एक्टर्स इस समय बहुत अच्छी स्पेस में हैं। ये समय एक्टर्स का है। ओटीटी पर भी और बड़े पर्दे पर भी। और इसका क्रेडिट सोशल मीडिया को जाता है। हर एक्टर ने अपनी खुद की छवि बनाई है। ऑडियन्स को अब एक्टर्स वैसा ही पसंद है जैसा वो है। उन्हें परफेक्ट फिगर नहीं चाहिए, जैसे 26 इंच कमर या फिर परफेक्ट नाक। ये एक बड़ी बात है। आजकल फिल्मों में हर तरह के किरदार एक्ट्रेसेस को मिल रहे हैं। मैं शुरू से काफी कूल रही हूं। मैंने कभी इंडस्ट्री में एक ट्रेंड फॉलो करने का नहीं सोचा। मैंने हमेशा नॉर्म्स को तोड़ने में भरोसा किया है। मेरी किस्मत अच्छी रही कि मेरी सारी पिक्चर चली हैं। 33-34 साल हो गए हैं, मैं अभी तक इंडस्ट्री में काम कर रही हूं। मेरे लिए ये गर्व की बात है।

### तीनों खान संग काजोल कर चुकी काम

काजोल ने तीनों खान्स के साथ काम किया है- शाहरुख खान, आमिर खान और सलमान खान। तीनों ही खान्स प्रोफेशनल हैं। शाहरुख और आमिर के साथ मेरी दोस्ती अच्छी है। लेकिन तीनों के साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया। बाकी मुझे हमेशा खुद से मतलब रहा है। मैं एक सेल्फिश एक्टर रही हूं। मेरे काम कैसा रहा है, वो मेरे लिए मायने रखता रहा है। बाकी जिसको जो करना है करे। उसका मुझसे कोई लेना-देना नहीं है। हां, मैं चाहती हूं कि बाकी के लोग भी अच्छा काम करें। मेरे लिए सबसे जरूरी चीज यही रही है कि मेरा काम अच्छा रहना चाहिए।

### परेशान होकर पीड़िता ने फांसी लगाई थी

# सुसाइड नोट लिखकर किशोरी ने की आत्महत्या, आरोपी को 20 साल की जेल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**किशोरी से दुष्कर्म और आत्महत्या के एक मामले में एक आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने एक हजार रूपए जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला पंद्रहवीं अपर सत्र न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल की अदालत ने सुनाया है। मामले में इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर ने पैरवी की थी।**



जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना तलैया मे हमीदिया अस्पताल से किशोरी की मृत्यु की सूचना मिली थी।पुलिस को बताया गया कि किशोरी ने अपने घर मे फांसी लगा ली। पुलिस जांच में मृतिका की बडी बहन एवं माता ने बताया कि उनके घर के उपर वाले मंजिल पर आरोपी संदीप भी रहता है, पडोसी होने के नाते संदीप और मृतिका के मध्यम बात-चीत होने लगी और संदीप द्वारा मृतिका को बार-बार फोन लगा कर बात करने की कोशिश करता था। जिस कारण उनके कई बार उनके बीच लड़ाई होती तो आरोपी संदीप उसके कहता था जाओ मर जाओ और लगातार फोन लगाकर परेशान कर मानसिक रूप से प्रताडित करता था, संदीप से परेशान होकर पीड़िता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**शादी के लिए बोला तो मुकर गया :**

पुलिस जांच में मृतिका के पास एक सुसाइड नोट मिला, जिसमे पीड़िता द्वारा बताय गया था कि आरोपी संदीप मुझे शादी का झूठा वादा कर कई बार शारीरिक संबंध बनाये और जब शादी के लिये बोला तो कहना लगा कि मॉ और भाभी शादी करने के लिये तैयार नही है। जिस कारण मे आत्महत्या कर रही हूं।मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद रेप पास्को एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया था।

## गाड़ी किराए पर लेकर हड़पी, अमानत में खयानत का मामला दर्ज

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव सोहाया में रहने वाले तीन गाड़ी मालिकों से उनकी गाड़ियों का अच्छा किराया देने का झांसा देकर दो जालसाजों ने उनसे गाड़ियां हड़प ली। आरोपियों ने एक दो महीने उन्हें गाड़ी का किराया दिया और बाद में न तो किराया दिया और न ही गाड़ी लौटाई। फरियादियों ने घटना की शिकायत पर बैरसिया?थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों का सुराग लग गया है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि उन्होंने और किसी के साथ इस तरह की घटना तो नहीं की है। पुलिस के अनुसार नीतेश पाल (25) गांव सोहाया में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी कार आकाश कुचबंदिया और जगदीश रघुवंशी को किराए पर दी?थी। आरोपियों ने बताया कि वह कार प्रतिमाह अच्छा किराया देंगे। दो तीन महीने उन्होंने कार का किराया दिया फिर किराया देना बंद कर दिया। नीतेश पाल ने आरोपियों से किराया मांगना चाहा तो उन्होंने एक दो दिन में किराया देने की बात कही और बाद में अपने मोबाइल बंद कर फरार हो गए। नीतेश उनके ऑफिस पहुंचा?था। ऑफिस भी बंद हो चुका था। नीतेश ने अपने स्तर पर आरोपियों के बारे में पता किया तो पता चला कि आरोपियों ने, मोहन वंशकार, बृजमोहन वंशकार को भी गाड़ी का अच्छा किराया देने का झांसा देकर गाड़ी ली है और उनकी गाड़ी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि नीतेश मोहन और बृजमोहन को झांसा देकर आरोपी बलेनो, अल्टो और लोडिंग पिकअप वाहन लेकर गए हैं।

# कर्ज से परेशान होकर युवक ने कीटनाशक पीकर दी जान




भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में शनिवार सुबह एक युवक ने कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद उसने अपने मुंह बोले जीजा को कॉल कर बताया था। जीजा ने रिश्तेदार को उसके पास पहुंचाया और वह उसे लेकर अस्पताल गया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आईकि उसने कर्ज से परेशान होकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या की है।

उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार राकेश कुशवाह पिता रघुवरदयाल कुशवाह (40) सेमरा कला में रहाथा और प्राइवेट काम करताथा। राकेश कुशवाह पिता रघुवीर दयाल कुशवाह (24) सेमरा कला अशोका गार्डन में रहताथा और आयुवेर्दिक दवाई के ऑफिस में काम करता था। उसका ऑफिस ओल्ड सुभाष नगर में है। राकेश ऑफिस में सेल्समैन बतौर काम करताथा। शनिवार सुबह वह आॉफिस में अकेला था। इसी बीच उसने कोई कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद उसने अपने मुंह बोले बेहनोई को कॉल किया और बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। उससे बेहनोई ने पूछा कि क्या बात है ऐसा क्यों किया तो वह कहने लगा कि वह कर्ज से परेशान होकर यह कदम उठा रहा है।

**भाई लेकर पहुंचा अस्पताल**

राकेश के मुंहबोले बेहनोई ने राकेश के भाई को कॉल कर बताया था कि राकेश ने कीटनाशक पी लिया है। राकेश का भाई ओल्ड सुभाष नगर राकेश के ऑफिस पहुंचा। वहां से राकेश को प्रभात स्थित निजी अस्पताल ले गया। वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उसकी मौत हो गई।

## मेट्रो के चलते पुराने शहर के व्यस्त हिस्से में रोज ट्रैफिक जाम




**भोपाल दोपहर मेट्रो।** इन दिनों शहर के पुराने हिस्से के दो लाख लोगों की राह मुश्किल में है। मेट्रो प्रोजेक्ट का काम चल रहा है और पुल बोगदा से भारत टॉकीज की तरफ चार पहिया वाहनों की एंट्री 28 मई से बंद है। प्रभात चौराहे से भी यही हाल हैं। दोपहिया और पैदल वालों के लिए थोड़ी गुंजाइश छोड़ी गई है, लेकिन डायवर्सन का कोई प्लान भी नहीं है। इसके चलते हमीदिया रोड, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद और भारत टॉकीज जैसे इलाकों की जनता रोजाना जाम से जूझ रही है। स्कूल, ऑफिस और अस्पताल तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने सिर्फ बैरिकेडिंग की है, कोई साइन बोर्ड या रूट गाइड नहीं लगाया। काम की अनुमति 14 जुलाई तक मिली है।

**वाहन चालक लगा रहे लंबा चक्कर**

उधर मेट्रो एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने सुभाष नगर से आरकेएमपी तक मेट्रो स्टेशन और स्कायवॉक के काम का निरीक्षण किया। ट्रैफिक पुलिस ने 14 जुलाई तक काम की अनुमति दी है, लेकिन अब तक कोई वैकल्पिक प्लान सामने नहीं आया।यही वजह है कि भारत टॉकीज, इतवारा, हमीदिया रोड और जहांगीराबाद जैसे इलाकों की दो लाख से ज्यादा आबादी बेहाल है। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस और अस्पताल पहुंचने में दोगुना वक्त तक लग रहा है। पूरा ट्रैफिक अशोका गार्डन की अस्सी फीट रोड पर आ गया है, वहां भी जाम की लकीरें रोज की कहानी हैं।

# छोला की लीलाधर कॉलोनी में गैंगवार युवक की गोली मारकर हत्या

**दो नामजद आरोपियों सहित उनके साथियों ने की वारदात**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी के छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित लीलाधर कॉलोनी में पुरानी रंजिश में हुए विवाद के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार रात हुए इस गोलीकांड से इलाके में दहशत का माहौल है। हमलावरों पर हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अमित वर्मा (24) लीलाधर कॉलोनी, छोला में रहता था और प्राइवेट काम करता था। अमित की इलाके में रहने वाले नसीम, वसीम से पुरानी रंजिश थी। रंजिश के चलते शनिवार रात आरोपियों ने उसे लीलाधर कॉलोनी में घेर लिया और मारपीट करते हुए उसे पर कट्टे से फायर कर दिए। फायर होने से गोली अमित के सीने में लगी थी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल अमित को उसके परिचित हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अमित को मृत घोषित कर दिया।

हुई इस गैंगवार से दहशत का माहौल है। सूत्रों की माने तो घटना के समय अमित वर्मा के साथी भी मौके पर मौजूदथे। उनका नसीम, वसीम और उसके साथियों से विवाद हुआथा। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों की तरफ से मारपीट भी हुई है। इसी बीच आरोपी नसीम ने फायर कर दिया। फायर होने से गोली अमित को सीने में लगी थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां उसे डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

**हत्या का मामला दर्ज**

बताया जाता है कि इस गैंगवार की सूचना पुलिस को दी गईथी, लेकिन पुलिस जब तक पहुंचती काफी देर हो चुकी थी। आरोपी हत्या के बाद फरार हो गए थे। पुलिस ने मृतक के परिचित आसू खटीक की शिकायत पर नसीम, वसीम और उसके साथियों पर हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# किशोर ने जहर खाकर दी जान



भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सिंधी कॉलोनी में कल रात 17 साल के एक किशोर ने जहर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है।

पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि पंकज रमानी (17) ओल्ड सिंधी कॉलोनी, टीलाजमालपुरा में रहता?था। वह कॉलेज में पढ़ता?था। पंकज के मामा-मामी ओल्ड सिंधी कॉलोनी में रहते हैं और उन्हीं के साथ पंकज रहता?था।

पंकज के मामा ने बताया कि शनिवार रात करीब दस बजे पंकज ने जहर खा लिया। वह उल्टी कर रहा?था। उससे उल्टी करने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि जहर खा लिया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां देर रात उसकी मौत हो गई।




**मेट्रो एंकर** बीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 87.72 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 94.79 प्रतिशत

# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में संकायों के परीक्षा परिणाम आए

भोपाल, दोपहर मेट्रो

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणाम घोषित कदर दिए गए हैं। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करने, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संस्थान के सामान्य परिषद के अध्यक्ष परमार ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में शनिवार को संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महिपाल सिंह यादव, परीक्षा शाखा के सभी अधिकारियों एवं सभी



विभाग अध्यक्षों की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के आठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 18 जून को ही घोषित किए जा चुके हैं। संस्थान ने ये परीक्षा परिणाम पूर्व निर्धारित तिथियों से पूर्व जारी किए हैं।

**यह रहा परिणाम :**

संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 87.72 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 94.79 प्रतिशत, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर का 90.83 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 97.61 प्रतिशत, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का 85.75 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 93.60 प्रतिशत, बीपीईएस द्वितीय सेमेस्टर का 100 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 66.66 प्रतिशत, बीबीए (ठठ।) द्वितीय सेमेस्टर का 90.69 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 100 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर का 94.42 प्रतिशत रहा है। बीए द्वितीय सेमेस्टर में 383 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 146 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीए चतुर्थ सेमेस्टर में 346 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 201 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में 382 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 114 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में 335 छात्र बैठे थे, जिनमें से 128 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में 400 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 165 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर में 250 परीक्षार्थी बैठे थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022